भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2042
दिनांक 02 अगस्त, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आंध्र प्रदेश में आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण

+2042. श्री केसिनेनी शिवनाथ:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आन्ध्र प्रदेश में इस समय कुल कितने प्रत्यायित सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा) तैनात हैं और उनकी तैनाती का जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) आन्ध्र प्रदेश में विगत पांच वर्षों के दौरान आशा कार्यकर्ताओं के लिए वित्तीय और डिजिटल साक्षरता, डाटा एंट्री और प्रबंधन के अतिरिक्त और आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है; और
(ग) विशेष रूप से आन्ध्र प्रदेश में आशा कार्यकर्ताओं के आंकड़ों के अभिलेखन और प्रबंधन के लिए कार्यान्वित
तंत्र/डिजिटल प्लेटफार्म/डाटाबेस का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) आंध्र प्रदेश राज्य में दिनांक 31 मार्च, 2024 तक कुल 42,518 प्रत्यायित सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा) कार्यकर्ता तैनात हैं (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रबंधन सूचना प्रणाली रिपोर्ट के अनुसार)।

आशा कार्यकर्ताओं की तैनाती का जिला-वार विवरण केंद्रीय स्तर पर नहीं रखा जाता है।

(ख) आंध्र प्रदेश राज्य द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, सभी आशा कार्यकर्ताओं को मुख, नेत्र, ईएनटी, आपातकालीन चिकित्सा देखभाल और उपशामक देखभाल सहित विस्तारित सेवा पैकेजों में प्रशिक्षण दिया गया है।

(ग) आशा कार्यकर्ताओं के डेटा को रिकॉर्ड करने और उसका प्रबंधन करने के लिए कार्यान्वित तंत्र/डिजिटल प्लेटफॉर्म/डेटाबेस से संबंधित विवरण केंद्रीय रूप से नहीं रखा जाता है।

****